सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## चतुर्दश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-3

बुधवार, तिथि 11 आषाढ़ 1936 (शा0) / 2 जुलाई, 2014 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 83**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | 45 |
| (2) पथ निर्माण विभाग | .. | .. | 12 |
| (3) ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | 05 |
| (4) जल संसाधन विभाग | .. | .. | 09 |
| (5) लघु जल संसाधन विभाग | .. | .. | 09 |
| (6) भवन निर्माण विभाग | .. | .. | 01 |
| (7) पंचायती राज विभाग | | .. | 02 |
| | | कुल योग — | 83 |

पथ का पुनः निर्माण

*76. श्री सुरेन्द्र मेहता—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के बेगूसराय प्रखण्ड अन्तर्गत सांख ग्राम से तुलसीपुर ग्राम तक पथ की स्थिति जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य पूरा करना

* 77. श्री जवाहर प्रसाद—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के तिलौथु प्रखंड के ग्राम लेवड़ा में स्थानीय विधायक क्षेत्र निधि मद से 2010–11 में पथ एवं नाली निर्माण हेतु 3.12 लाख स्वीकृत हुये थे ;

(2) क्या यह बात सही है कि तिलौथु प्रखंड के चितौली पंचायत में स्थित चिरकुटीया बाबा के पास 2010–11 में ही सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 88.950 हजार रुपये की स्वीकृति हुई थी ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना के राशि 3.12 लाख रुपये के निकासी के बाद भी कार्य पूर्ण नहीं कराया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अधूरे कार्य को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का पक्कीकरण

*78. श्री राजेश सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत बगहा 2 प्रखंड के सेमरा त्रिवेणी कैनाल के पास विजयनगर गाँव से पंचगौवा, सरसौईया होते हुये भेड़ा चौक बाजार तक सड़क का पक्कीकरण नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का पक्कीकरण नहीं होने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*79. श्रीमती नीता चौधरी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के तारापुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम प० गनैली जोरिया बाँध पर पी०सी०सी० सड़क नहीं रहने से स्थानीय लोगों को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल पर पी०सी०सी० सड़क का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पंचायतों में पटवन देना

*80. श्री रामेश्वर पासवान—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के अपर–किऊल जलाशय योजना से सिकन्दरा क्षेत्र की लगभग 10 पंचायत की सिंचाई के लिये इसके कमाण्ड एरिया में आता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि रघुनाथपुर कैनाल के गलत ऐलाइनमेंट तथा नहर की सफाई नहीं होने के कारण पटवन का सारा पानी नदी में बेकार बह जाता है, परिणामस्वरूप सिकन्दरा प्रखण्ड सुखाड़ की चपेट में बराबर पड़ जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कैनाल का ऐलाइनमेंट सुधार तथा सफाई करवाकर दस पंचायतों में पटवन देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथों का पी०सी०सी०

*81. श्री ज्ञानचंद माँझी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है

कि सारण जिलान्तर्गत गडखा प्रखंड के ग्राम ओढ़ामाल के पक्की सड़क से मस्जिद होते हुये ग्राम के अंतिम छोर तक एवं ग्राम रेड़ीया दक्षिण टोला के मुख्य पक्की सड़क से उक्त ग्राम के अंतिम छोर तक का पथ अत्यंत ही जर्जर अवस्था में है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों पथों का कबतक पी0सी0सी0 कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अधूरे सड़क का निर्माण

*82. श्री अरूण शंकर प्रसाद—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 23 मई, 2014 को प्रकाशित शीर्षक "दो साल बाद भी नहीं बनी सड़क" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत हरलाखी प्रखंड के करूणा चौक से भाया सौहपुर मढ़िया, एन0एच0 104 करूणा चौक से गम्हरिया बीरता, विशौल से मौंगपट्टी, पोतगाह, एन0एच0 104 विशौल से हटवरिया, एन0एच0 104 से पोतगाँव, एन0एच0 104 से विटूहर, एन0एच0 104 से हुराही, एन0एच0 104 से कमतौल गोपालपुर, एन0एच0 104 पिपरौन से दिधिया गाँव तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से वर्ष 2010 में प्रारम्भ किया गया था, जो अधूरा पड़ा हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़कों का निर्माण कार्य 12 जून, 2012 तक पूरा करना था जो दो वर्ष बीतने के बाद भी नहीं हुआ है, जिस कारण लोगों को आवागमन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अधूरे सड़क का निर्माण पूरा कराकर संवेदक के विरूद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---

पथ की मरम्मती

*83. श्री सुरेश कुमार शर्मा—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर शहर अंतर्गत अति महत्वपूर्ण सड़क पक्की सराय चौक से पानी टंकी, हरिसभा चौक, कच्ची पक्की, कैरमा होते हुये एन0एच0 77 तक जाने वाली पथ का अधिग्रहण वर्ष 2013 में पथ निर्माण विभाग द्वारा किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि अधिग्रहण के उपरांत दिनांक 19 जनवरी, 2013 को विभाग द्वारा सड़क निर्माण हेतु संवेदक को कार्यादेश दे दिया गया तथा कार्यादेश में दिनांक 8 जनवरी, 2015 तक कार्य पूर्ण करने संबंधी निर्देश है ;

(3) क्या यह बात सही है कि अभीतक 10 प्रतिशत् कार्य पूर्ण नहीं हो सका है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्यूबवेल चालू करना

*84. श्री संजय सिंह "टाइगर"—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सोन नदी प्रणाली से जुड़े भोजपुर जिले के जैतपुर वितरणी में सिंचाई हेतु राम डिहरा फाल से लेकर जैतपुर तक लगे 14 अदद् स्टेट ट्यूबवेल वर्ष 1985 से बंद है फलतः इलाके में पटवन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार बन्द पड़े ट्यूबवेल को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*85. श्री आनन्दी प्रसाद यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अंतर्गत कुर्साकांटा प्रखण्ड के हत्ता चौक से फारबिसगंज जाने वाली ग्रोम सड़क में शंकरपुर कपड़फोरा के निकट पूर्व से निर्मित स्क्रू पाइल पुल ध्वस्त हो गया है जिससे यातायात पूर्णतः बंद है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का निर्माण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*86. श्री शिवेश कुमार —क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अगिआँव प्रखंड के नारायणपुर बाजार से बधुअई ग्राम होते हुये डिलियाँ पथ काफी जर्जर स्थिति में है जिससे लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि यह पथ बिहटा तक जाने हेतु आवागमन का प्रमुख पथ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है ?

---

नलकूपों को चालू करना

"क"*87. श्री मंजीत कुमार सिंह—स्थानीय हिन्दी समाचार-पत्र में दिनांक 2 जून, 2014 को प्रकाशित खबर "सूखे के मार से बचायेंगे नलकूप" शीर्षक को ध्यान में रखकर क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिंचाई विभाग द्वारा 2740 नलकूप तक बिजली पहुँचाने के लिये बिजली कम्पनी को 5 साल पहले ही राशि दे दिया गया है, परन्तु अबतक नलकूपों तक बिजली नहीं पहुँचा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार 2740 नलकूपों को बिजली पहुँचाकर नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है ?

---

पथों का निर्माण

*88. श्री रामायण माँझी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के आन्दर प्रखंड के ग्राम तीयाय से पड़ेजी महादलित टोला एवं तीयाय से खेड़ाय पीपरा कटवार महादलित टोला ग्रामीण पथ बहुत जर्जर हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ग्रामीण पथों का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मती

*89. श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी—क्या मंत्री ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत समस्तीपुर कार्य प्रमंडल के तहत कल्याणपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत मालीनगर में रामलीला गाछी चौक से ठहरा पासवान टोला होते हुये ठहरा चौक तक जाने वाली सड़क गड्ढों में तब्दील हो गयी है, जिसके कारण आवागमन में नागरिकों को अत्यंत असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी पर कार्रवाई

*90. श्रीमती पूनम देवी यादव—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 31 मई, 2014 को प्रकाशित शीर्षक "बारिश में दरक गई एन०एच०-31" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया-पूर्णियाँ एन०एच० 31 के 270 कि०मी० से 410 कि०मी० पथ का चौड़ीकरण निर्माण कार्य वर्ष 2008 में 1,253.53 करोड़ की लागत से पुंज लॉयड कम्पनी को दिया गया था, जिसका निर्माण कार्य कम्पनी एपको इन्फ्राटेक लि० को सबलेट कर करा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निर्माण कार्य निविदा शर्त के अनुसार नहीं कराने के कारण पसराहा जोन अन्तर्गत पितौझिया ढाला से सतीशनगर के बीच एन०एच० 31 पहली बारिश में कई जगहों पर पथ दरक गयी है जबकि निर्माण कार्य केवल दो माह पूर्व हुआ है।

---

नोट—"क" जल संसाधन विभाग से लघु जल संसाधन विभाग में स्थानान्तरित।

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी उच्चस्तरीय जाँच कराकर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई कराने का विचार रखती है ?

---

सड़क निर्माण

*91. श्रीमती सुजाता देवी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत बौराहा का ग्राम बौराहा की आबादी एक हजार से अधिक है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एक हजार की आबादी तक की बसावट को सालों भर बारामासी पक्की सड़क को जोड़ने की सरकार का निर्णय है ;

(3) क्या यह बात सही है कि एन०एच० 57 कोसी महासेतु के पश्चिम भाग से दक्षिण दिशा में ग्राम बौराहा की दूरी केवल 7 कि०मी० है, फिर भी कोई सड़क न रहने से लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार एन०एच०57 से ग्राम बौराहा तक की बारामासी पक्की सड़क बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक ?

---

पनबाहा का जीर्णोद्धार

*92. श्री राजेश्वर राज—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के काराकाट प्रखंडान्तर्गत ग्राम–मोथा राइस मिल से बिरैनी, ईटवा, रघुनाथपुर होकर गुजरने वाली पनबाहा काफी जीर्ण–शीर्ण हो जाने एवं यथोचित स्थान पर फॉल का निर्माण नहीं होने से किसानों का कृषि कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पनबाहा का जीर्णोद्धार एवं यथोचित स्थान पर फॉल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जल–जमाव से मुक्ति

*93. श्रीमती गुड्डी देवी—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नी सैदपुर प्रखंड के बगाही रामनगर पंचायत के रामनगर एवं हदोपट्टी में विगत् 20 वर्षों से कृषि एवं आवासीय भूमि पर जल–जमाव है, जिससे उक्त पंचायत में किसान भूखमरी के कगार पर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायत को जल–जमाव से कबतक मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*94. श्री रामचन्द्र सहनी—क्या मंत्री ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण अंतर्गत प्रखंड रामगढ़वा में मुख्य सड़क से गुरहनवा होते हुये बौधा तक सड़क में 3 कि०मी० की स्थिति अत्यन्त खराब है जिस कारण निकटवर्ती एवं आवासीत आबादी को कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का नव–निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुलियों का चौड़ीकरण

*95. श्रीमती भागीरथी देवी–क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेतिया जिला के रामनगर प्रखंडान्तर्गत त्रिवेणी कैनाल में ग्राम–मुजरा, सिलवटिया बड़गो, बेलौरा, बुनियाद, रामनगर, जुड़ापकड़ी एवं दोन कैनाल में छवधरिया, कटसिकरी, छजुराही, बजरिया, भावल, बेनवा बेली, खटोरी आदि ग्रामों के पास निर्मित पुलियाँ वर्ष 2006 में क्षतिग्रस्त हो जाने से ग्रामीणों को काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुलियों का चौड़ीकरण एवं जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बाँध की मरम्मती

*96. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सोनपुर प्रखण्ड शहरी स्थित गोला बाजार से चाँदमारी होते हुये दुधैला पंचायत के चित्रसेनपुर, फकराबाद ग्राम में नहर बाँध है, जो प्रत्येक वर्ष बरसात के दिनों में अत्यधिक पानी के दबाव से टूट जाता है जिससे दर्जनों गाँव के किसानों की फसल की बर्बादी होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँव के किसानों की फसल सुरक्षित करने हेतु नहर बाँध की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निविदा नहीं निकालने का औचित्य

*97. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखण्ड के टिकौली प्रधान मंत्री सड़क से टिकौली टोला एवं खोपा से बेबाही मुख्य मंत्री सड़क सहित 57 पथ को स्टेट कोर नेटवर्क में वर्ष 2013 में चयनित किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के डुमरा, बैरगनियाँ, सोनवर्षा आदि प्रखण्डों में स्टेट कोर नेटवर्क में वर्ष 2013 में चयनित योजनाओं का निविदा कर दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो रून्नीसैदपुर प्रखण्ड के उक्त 57 पथों का निविदा अभीतक नहीं निकालने का क्या औचित्य है ?

कैनाल की मरम्मती

*98. श्री गिरिधारी यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत बीजी खौरवा डिवीजन के अन्तर्गत रजौन प्रशाखा कैनाल जीर्ण-शीर्ण हो गया है जिसके कारण पटवन का कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जर्जर कैनाल की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*99. श्री सबा जफर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि आजादी के 67 वर्ष बीत जाने के बावजूद पूर्णियाँ जिला अमौर प्रखण्ड के ग्राम बजड्डी से एक गच्छा पथ का निर्माण आजतक नहीं हो सका तथा सड़क कच्ची एवं जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

---

दोषी पर कार्रवाई

*100. श्री राम नरेश प्रसाद यादव--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनवर्षा प्रखण्ड अन्तर्गत सोनवर्षा पी०एच०सी० में भवन निर्माण निगम के द्वारा दो करोड़ दस लाख की लागत से भवन निर्माण का कार्य कराया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन निर्माण में प्राक्कलन के अनुसार टाटा कम्पनी का छड़ एवं एक नं० का ईंट लगाना है;

(3) क्या यह बात सही है कि संवेदक द्वारा टाटा कम्पनी के बदले लोकल कम्पनी का छड़ लगाया जा रहा है एवं ईंट भी खराब लगाया जा रहा है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्राक्कलन के अनुरूप कार्य कराने एवं दोषी पर कार्रवाई करना चाहती है, हाँ, तो कबतक ?

### पथ का जीर्णोद्धार

*101. श्री सबा जफर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत अमौर प्रखण्ड के विष्णुपुर गाँव से दलमालपुर गाँव तक जाने वाली सड़क का निर्माण 4 वर्ष पूर्व प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि गत वर्ष आयी भीषण बाढ़ के कारण उक्त सड़क में कई स्थानों पर कटिंग एवं सड़क जर्जर हो चुका है, जिससे आवागमन में काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

### सड़क बनाना

*102. श्री सुरेन्द्र मेहता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बेगूसराय प्रखण्ड के एस०एच० मोहनपुर से बन्द्वार तक की सड़क काफी जर्जर हो चुकी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

### लक्ष्य पूरा करना

*103. डॉ० अच्युतानंद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र के दिनांक 1 मई, 2014 के अंक में छपी शीर्षक ''खर्च पूरा, खेतों में सिंचाई अधूरी'' के आलोक में क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2013-14 में सरकार द्वारा विभाग को 265 करोड़ रु० की राशि आवंटित की गयी थी, जिससे 4.3 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सृजन का लक्ष्य रखा गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त वित्तीय वर्ष में विभाग द्वारा 230 करोड़ रु० की राशि खर्च करके मात्र 56 हजार हेक्टेयर में ही सिंचाई क्षमता का सृजन किया गया ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो आवंटित राशि का 80 प्रतिशत राशि खर्च करके लक्ष्य का 15 प्रतिशत पूरा करने का क्या औचित्य है ?

### सड़क का निर्माण

*104. मो० आफाक आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत जलालगढ़ प्रखण्ड के रामदेली पंचायत के इतवारी के घर से अमौर सीमा तक सड़क कच्ची है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का निर्माण नहीं होने के कारण जलालगढ़ प्रखण्ड एवं अमौर प्रखण्ड के आम जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

### पथ का निर्माण

*105. श्रीमती उषा विद्यार्थी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण कार्य विभाग की अधिसूचना सं० 11/अ०प्र०-3-22/2012, पत्रांक 1695/12 फरवरी, 2013 द्वारा पालीगंज-अतौल्ह पथ को पथ निर्माण विभाग को हस्तान्तरण करने की अनुशंसा की गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि पालीगंज से अतौल्ह पथ की स्थिति अत्यन्त दयनीय है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*106. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नबीनगर प्रखंड में लहियारपुर से सिमरी-धमनीतक सड़क जीर्ण-शीर्ण है, जिस कारण आम जनता को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की कबतक मरम्मती कराने का विचार रखती है ?

---------

नलकूप चालू करना

*107. श्री गजानंद शाही--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिला के बरबीघा विधान-सभा क्षेत्र में विगत 10 वर्षों से 62 नलकूप बिजली, यांत्रिक दोष एवं अन्य कारणों से बंद पड़े हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बंद नलकूप को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का जीर्णोद्धार

*108. श्री अवधेश कुमार राय--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत मालती-कदराबाद-दलसिंह सराय पथ का औगान से भगवानपुर एवं आगापुर से मनसूरचक के बीच लगभग 6 कि०मी० सड़क पूर्णत: जर्जर एवं जीर्ण-शीर्ण अवस्था में रहने के कारण आये दिन दुर्घटना होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है ?

---------

पक्की सड़क बनाना

*109. श्रीमती सुजाता देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत चौराहा का ग्राम सोनवर्षा एन०एच० 57 से मात्र 4 कि०मी० पर अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव में 500 सौ से अधिक की बसावट है फिर भी बारामासी पक्की सड़क उपलब्ध नहीं है, जिससे आम लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार एन०एच० 57 से सोनवर्षा गाँव तक बारामासी पक्की सड़क बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

बाँध का निर्माण

*110. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत रोशना से झौआ तक महानंदा बाँध (पश्चिमी) वर्ष 2013 में आयी बाढ़ तथा वर्षा से 14 स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव की मरम्मती तथा सुदृढ़ीकरण वर्ष 2011-12 में किया गया था ;

(3) क्या यह बात सही है कि मकरचला, प्राणपुर, जल्ला, काठघर-दुर्गापुर तथा झौआ समीप बाँध का सुदृढ़ीकरण नहीं होने से आनेवाली बाढ़ तथा वर्षा में प्राणपुर, कदवा तथा आजमनगर का 28 पंचायत जलमग्न हो जायेगा ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बाँध को पूर्णत: सुदृढ़ करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

आवागमन को बहाल करना

*111. डॉ० इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 10 दिसम्बर, 2013 को प्रकाशित शीर्षक ''आदेश के बाद भी नहीं बनी सड़क बीत गये दो महीने'' को ध्यान में रखते क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत धनश्यामपुर शिवनगर धार, रसियारी पी०डब्लू०डी० सड़क पर पिछले छः माह से आवागमन बंद पड़ा है जिससे आम जनता एवं वाहनों के आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है जबकि जिला पदाधिकारी, दरभंगा ने शीघ्र आवागमन की बहाली हेतु फरवरी, 2014 में निदेश दिया था, जिस पर आजतक कार्रवाई नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क में आवागमन सुविधा को कबतक बहाल करने का विचार रखती है, और नहीं, तो क्यों ?

--------

नाले का निर्माण

*112. श्री आनन्दी प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के कुर्साकांटा प्रखण्ड अंतर्गत कुवाड़ी बाजार (कुवाड़ी पंचायत) के गंगा साह के दूकान के निकट से मस्जिद होकर गैयारी ग्राम तक जाने वाली सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से वर्ष 2010 में कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के दोनों किनारे भू-भाग में वर्षाकाल में भारी जल-जमाव होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जल निकासी हेतु नाले का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कटाव से बचाव

*113. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिले के बेलवा पंचायत अंतर्गत टेंगरमाड़ी गाँव एवं पुल निगम द्वारा निर्मित पुल के अस्तित्व को डोंक नदी के कटाव से खतरा उत्पन्न हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँव एवं पुल को कटाव से बचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

राजवाहा की खुदाई

*114. श्री अम्बिका सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत दुर्गावती प्रखण्ड के कर्मनाशा मेन नहर से असुढ़ा गाँव, बिधियाँ गाँव होते हुये पचिलखी गाँव तक राजवाहा की खुदाई नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त राजवाहा की खुदाई कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

राजवाहा की खुदाई

*115. श्री अम्बिका सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत प्रखण्ड दुर्गावती में कर्मनाशा मेन नहर से भेरियाँ, धनेछा गाँव होते हुये मनोहरपुर राजवाहा की खुदाई अधूरा हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मनोहरपुर राजवाहा की खुदाई नहीं होने से आठ से दस गाँवों की सिंचाई नहीं हो पाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त राजवाहा की खुदाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्य पूरा करना

*116. श्री रमेश ऋषिदेव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के मधेपुरा गुमकि पुल एन०एच० 107 से बेलहा धार होते हुये सकरापुर, बेलारी, रानीपट्टी होते हुये रोता पुल तक सड़क का निर्माण प्रधान मंत्री सड़क योजनान्तर्गत 2008 में शुरू किया गया है जो वर्ष 2012 में पूरा करना था, लेकिन अधूरा कार्य कर छोड़ दिया गया है, जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है,यदि हाँ तो सरकार उक्त सड़क का कार्य पूरा कराने का विचार रखती है ?

---

भवन का निर्माण

*117. श्री भोला राय—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत डण्डखोरा प्रखंड/अंचल कार्यालय लम्बे समय से भाड़े के भवन में संचालन हो रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि डण्डखोरा प्रखंड/अंचल कार्यालय भवन निर्माण हेतु भूमि आवंटित/निर्बाधित कर दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त कार्यालयों का संचालन सुचारू रूप से चलाने हेतु भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक ?

---

बोरिंग लगाना

*118. श्री रमेश ऋषिदेव—क्या मंत्री, लघु संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत कुमारखण्ड प्रखण्ड के ग्राम मचहा में स्टेट बोरिंग नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम में स्टेट बोरिंग नहीं होने के कारण हजारों एकड़ भूमि पर सिंचाई नहीं हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मचहा में स्टेट बोरिंग लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क बनवाना

*119. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अंतर्गत मनोहरपुर ग्राम पंचायत के जगवाटो गाँव में लक्ष्मण राय के घर से पी०एम०जी०एस०वाई० मुख्य सड़क तक सड़क बिल्कुल जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि जगवाटी से मुख्य सड़क जाने का यही एक मात्र उपयोगी सड़क है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को बनवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

समस्या का निदान करना

*120. श्रीमती उषा विद्यार्थी—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि 15 अगस्त, 2006 को उग्रवाद प्रभावित इलाका पालीगंज प्रखण्ड के जम्हारू इमामगंज पंचायत को ''सरकार आपके द्वार'' योजना के तहत लिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि इस पंचायत के मौलिक सुविधाओं के समस्याओं को निष्पादन किये बगैर मार्च, 2011 से इसे बंद कर दिया गया;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पुनः उक्त पंचायत में ''सरकार आपके द्वार'' कार्यक्रम चलाकर वहाँ के मौलिक समस्याओं को निष्पादन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*121. श्री राजेश्वर राज—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के बिक्रमगंज प्रखंडान्तर्गत बिक्रमगंज से सासाराम जाने वाली पथ में घोसिया स्टेशन से कझाई सम्पर्क पथ का वर्ष 2007 में निर्माण कार्य पूर्ण दिखाया गया है, जबकि कझाई गाँव के नजदीक एक कि०मी० पथ आजतक अपूर्ण होने से आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अपूर्ण पथ का निर्माण कराकर आवागमन सुचारू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का पक्कीकरण

*122. श्री रामचन्द्र सहनी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण अंतर्गत प्रखंड रामगढ़वा में चम्पापुर से पुरूषोतिमपुर होते हुये बलुआ जाने वाली सड़क में 2 कि०मी० की स्थिति अत्यन्त खराब है, जिस कारण आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है तथा बरसात के समय में आवागमन पूर्णत: अवरुद्ध हो जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित पथ का पक्कीकरण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*123. डॉ० (मो०) जावेद—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के पोठिया प्रखंड छत्तरगाछ से नन्हागुडी 6 कि०मी० रोड की हालत जर्जर स्थिति में है, जबकि मुख्य पथ होने के कारण 10 से 15 हजार आदमी का आवागमन प्रतिदिन होता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का कबतक मरम्मती या निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*124. श्री प्रमोद कुमार—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला अन्तर्गत मोहनिया प्रखंड के एन०एच०आई० 30 से ग्राम दूबे डेहरिया तक सड़क एवं 1000 एम डाया एन०पी०-3 एच०पी०सी० एवं 600 एम०एम० डाया एच०पी०सी० 4 नाल रोड क्रास कर बनाना था, परन्तु मात्र 6 के जगह 3 ही नाला निर्माण कराया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्राक्कलन की स्वीकृति अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य-अंचल-2, सासाराम 9-10-2011, कार्यपालक अभियंता 20-08-2011, सहायक अभियंता 20-08-2011 एवं कनीय अभियंता 20-08-2011 को स्वीकृत कर निविदा मे० त्रिरूपति बालाजी को 60 लाख रु० में किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर जिम्मेवार अधिकारी एवं संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का जीर्णोद्धार

*125. श्रीमती भागीरथी देवी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेतिया जिला के गौनाहा प्रखंडान्तर्गत बेलसंडी, दौन कैनाल से सिरिसिया होते हुये मटियरिया थाना की तरफ जाने वाली वर्ष 2011-12 में प्रधान मंत्री सड़क योजना से निर्मित सड़क गंगुली नदी के कटाव से ग्राम-सिरिसिया शेरावा, मस्जिदवा, चड़हरवा में माह जुलाई, 2012 में जीर्ण-शीर्ण एवं टूट होने से आवागन पूर्णत: ठप है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त टूटे सड़का का जीर्णोद्धार कराकर आवागमन सुचारू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*126. डॉ0 अच्युतानन्द- स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 30 मई, 2014 के अंक में छपी खबर ''सेतु के हर पाये को मरम्मत की जरूरत'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2010 में राज्य के पथ निर्माण विभाग द्वारा राजधानी में गंगा सेतु के निर्माण की मरम्मती हेतु 99.88 करोड़ रु0 की योजना केन्द्र सरकार को मंजूरी हेतु भेजी गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि केन्द्र सरकार द्वारा मात्र पाया सं0 44 के मरम्मती हेतु 31 करोड़ 19 लाख रुपये की स्वीकृति दी गयी जबकि सेतु के पाया सं0 39, 44 और 41 भी क्षतिग्रस्त है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार गाँधी सेतु के सभी क्षतिग्रस्त पायों की मरम्मती के लिये कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है ?

-----------

बोरिंग चालू करना

*127. श्री मुजाहिद आलम- -क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अंतर्गत कोचाधामन विधान सभा क्षेत्र के भागपुनास, कोचाधामन, अन्धासुर, दीघरिया, बिशनपुर सहित तीस स्टेट बोरिंग विगत पाँच वर्षों से बंद है, जिससे उक्त क्षेत्र के किसानों को सिंचाई की सुविधा नहीं मिल पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्टेट बोरिंग को कबतक चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

कार्य पूरा करना

*128. श्री शिवेश कुमार- -क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत चरपोखरी प्रखंड के नगरी-सोनवर्षा पथ एवं देकुड़ा-बराह पथ 5 वर्षों से अर्द्धनिर्मित पड़ा हुआ है एवं विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों को कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

नाला का निर्माण

*129. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत नेपुरा-नोआवाँ पथ का निर्माण कार्य कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, नवादा से हो रही है, प्राक्कलन में ग्राम-वाजिदपुर में नाला का प्रावधान नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि पथ के दोनों तरफ नाला नहीं रहने के कारण काफी कीचड़ है, जिससे आम नागरिकों को काफी परेशानी हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नेपुरा-नोआवाँ पथ में ग्राम-वाजिदपुर में पथ के दोनों तरफ नाला का निर्माण करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

एप्रोच पथ का निर्माण

*130. श्री अरूण शंकर प्रसाद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 6 मई, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''चार माह बीते नहीं बना एप्रोच पथ'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लदनियाँ प्रखण्ड के पद्मा-छपकी पी0डब्लू0डी0 सड़क के 8वें कि0मी0 में गागन नदी पर करीब तीन करोड़ लागत से राज्य पुल निर्माण निगम द्वारा आर0सी0सी0 पुल का निर्माण कार्य चार महीने पूर्व ही पूरा कर लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि एप्रोच पथ का निर्माण नहीं होने से पद्मा, मरनैया, विसहरिया, कुमरखत, दोनवाही, नवटोली, महुरिया सहित कई गाँव के लगभग 50 हजार लोगों का आवागमन बाधित है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई के साथ-साथ एप्रोच पथ का निर्माण कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन बनाना

*131. श्री कृष्णनन्दन पासवान क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत तुरकौलिया प्रखण्ड के ग्राम पंचायत, तुरकौलिया पश्चिमी एवं पूर्वी तथा हरसिद्धि, पकड़ीया एवं मानीपुर, हसुआहां पंचायत में पंचायत सरकार भवन नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायतों में पंचायत सरकार भवन नहीं रहने के कारण पंचायत को सुचारू ढंग से कार्य करने में काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायत सरकार भवन बनवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्य पूरा करना

*132. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिला अन्तर्गत तरियानी प्रखण्ड के कांटा बाजार के विशमभरपुर-सुलतानपुर तक की ग्रामीण सड़क का निर्माण कार्य वर्ष 2009 से अधूरा है, जिस कारण तीन पंचायतों के ग्रामीणों को आने-जाने में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क के अधूरे कार्य को कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

''ख'' *133. श्री गजानंद शाही क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत शेखपुरा प्रखण्ड के शाहपुर से शेखपुरा जाने वाली 13 किमी0 पथ विगत 8 वर्षों से अत्यंत जर्जर है, जिसके कारण आम जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*134. श्री राजेश सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत बगहा-2 प्रखण्ड के सिंगहारी, मुसहर टोला से गरगड्डी उरांव टोला होते हुये जमुनापुर से पटेरा ग्राम तक का सड़क का निर्माण आजतक नहीं हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ का निर्माण नहीं होने के कारण कृषकों को कृषि कार्य एवं आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*135. श्रीमती पुनम देवी यादव--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 1 जून, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''पुल से विकास के खुलेंगे नये द्वार'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिले के अलौली प्रखण्ड अंतर्गत गढ़ घाट पर कोसी नदी पर पुल नहीं होने से मोहराघाट, परास, अमौसी, कोलवारा, औराही, के अलावा सहरसा जिले के कई प्रखण्ड मुख्यालय के साथ सीधा जुड़ाव नहीं है, जिससे आम लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार अलौली, परास, गढ़ घाट पर कबतक पुल निर्माण कराने का विचार रखती है ?

नोट ''ख'' ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग में स्थानान्तरित ।

पथ बनाना

*136. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखंडान्तर्गत नया गाँव बहेरवा गाछी से बरियारपुर प्रखंड के ककड़ा-चिलावें जाने वाली ग्रामीण पथ की हालत बिल्कुल जर्जर एवं कच्ची है, जिससे आने-जाने में स्थानीय ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्रामीण पथ को कबतक बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ की मरम्मती

*137. श्री रामायण मांझी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के आन्दर प्रखंड मुख्यालय से जीजोर-आसाव मोड़ तक दरौली विधान-सभा (सुरक्षित) का एक मात्र मुख्य ग्रामीण पथ है;

(2) क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के आन्दर-जीजोर-असाव तीयर ग्राम तक पथ 1995 से ही बहुत जर्जर है जिससे आमजनों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्रामीण पथ की मरम्मती करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*138. श्री शशिभूषण हजारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल प्रखंड के ग्राम हाटी-कोठी से भदहर-पथारी तक की सड़क की स्थिति दयनीय एवं जर्जर है, जिससे वाहन एवं आम लोगों का आवागमन अवरुद्ध है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*139. श्री शशिभूषण हजारी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत कुशेश्वर स्थान प्रखंड में आर०ई०ओ० की मुख्य सड़क सतीघाट से भाया सोरवा-झझरा शाहपुर की सड़क की हालत काफी दयनीय एवं जर्जर हो गई, जिससे वाहन एवं आम लोगों के आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है,

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ बनाना

*140. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम प्रखंड के ग्राम खेरा से दरिगाँव-सासाराम तक का पथ 2008 में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत निविदा हुई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ में संवेदक द्वारा गिट्टी गिराकर कार्य को अधूरा छोड़ दिया गया था, जिससे आवागमन बाधित हो गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खेरा-दरिगाँव पथ को बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ की मरम्मती

*141. श्री सुरेश कुमार शर्मा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मुशहरी प्रखंड के मझौली खेतल पंचायत में मझौलिया रेलवे गुमटी से एन०एच० 28 तक की शहर में प्रवेश करने का प्रमुख मार्ग अत्यंत जर्जर है जिससे सड़क पर सालों भर नाले का गंदा पानी लगा रहता है तथा प्रायः दुर्घटना होते रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क बनाना

*142. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखंड अंतर्गत फुलहारा ग्राम पंचायत में फुलहारा प्रधानमंत्री सड़क से लहसा तक बन रही सड़क में 4 कि०मी० से केवल मेटल बिछाकर छोड़ दिया गया है, इससे लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को कबतक बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क की मरम्मती

*143. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर विधान-सभा के चरण-सिरिस सड़क जर्जर एवं जीर्ण-शीर्ण होने के कारण आमजन को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का कबतक मरम्मती कराने का विचार रखती है ?

--------

पथ का पी०सी०सी०

*144. श्री ज्ञानचंद मांझी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत गड़खा प्रखंड के ग्राम बंगारी चौक से सिरपाल बसंत श्री राम प्रवेश सिंह, पंचायत समिति सदस्य के घर होते हुए सिरपाल बसंत बाजार तक पथ एवं ग्राम बंगारी चौक से जलाल बासा अनुसूचित जाति टोला होते रामदेव सिंह के घर होते सिरपाल बसंत बाजार तक का पथ अत्यंत ही जर्जर अवस्था में है जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का पी०सी०सी० कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*145. मो० अफाक आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत जलालगढ़ पंचायत के रामदेली पंचायत के जहांगीरपुर के रोड नं० 85 से रामदेली प्रधानमंत्री सड़क तक सड़क कच्ची है, यदि हाँ, तो सरकार जहांगीरपुर के रोड नं० 85 से रामदेली प्रधानमंत्री सड़क तक सड़क निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*146. श्रीमती नीता चौधरी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के हवेली खड़गपुर प्रखंड अन्तर्गत खड़गपुर-जमुई मुख्य पथ से ग्राम-दुलारपुर का कोई सम्पर्क सड़क नहीं रहने से स्थानीय लोगों के आवागमन में परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर कबतक सड़क का निर्माण करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*147. श्रीमती सुनीता सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिवहर जिला अन्तर्गत तरियानी प्रखंड के राजाडीह से खोजपुर तक की सड़क का पी०एम०जी०एस०वाई० योजना अंतर्गत निर्माण कार्य का आदेश वर्ष 2009 में दिया गया;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क का निविदा का एग्रीमेंट भी संवेदक द्वारा वर्ष 2009 में कर लिया गया है परन्तु अभीतक कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जाँच करते हुये उक्त सड़क का निर्माण कबतक प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*148. श्री अवधेश कुमार राय—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग,यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बलान नदी पर रसीदपुर सादा पुल 6 करोड़ 55 लाख की लागत से राज्य सरकार द्वारा स्वीकृति के उपरांत जनवरी, 2014 में निविदा आमंत्रित किया गया था, परन्तु वर्तमान समय तक पुल निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का निर्माण कबतक प्रारंभ करना चाहती है ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*149. श्री रतनेश सादा—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत प्रखण्ड पतरघट के पंचायत सिनपुर के सहरसा-मधेपुरा सीमा से महादेव मण्डल के घर होते हुये शर्मा टोला, चमगोरी, सुरियाही, ललन यादव राम बहादुर टोला, दक्षिण टोला होते हुये हटिया से दक्षिण मेन सड़क तक का सड़क काफी जर्जर है जिसके कारण आवागमन बाधित है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा 18 फरवरी, 2014 को स्थानीय पदाधिकारियों का पत्र के माध्यम से ध्यान आकृष्ट कराया गया था, परन्तु अभीतक कोई कार्रवाई नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पदच्यूत करना

*150. श्री भोला राय—क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के कदवा प्रखण्ड अंतर्गत ग्रा०पं०, राज बिझाड़ा-14 के मुखिया पद के प्रत्याशियों को पंचायत निर्वाचन वर्ष 2006 हेतु अत्यंत पिछड़ी जाति (अनुसूची-1) के महिलाओं को आरक्षित था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त चुनाव 2006 में निर्वाचित मुखिया श्रीमती तबस्सुम, पति श्री शाहिदुर्रहमान (पूर्व मु०) जाली प्रमाण-पत्र (जाति) बनाकर पर्चा भरी थी;

(3) क्या यह बात सही है कि अंचलाधिकारी, बायसी (पूर्णियाँ) ने अपने कार्यालय पत्रांक 669, दिनांक 19 जून, 2013 के द्वारा जाँचोपरांत श्रीमती तबस्सुम, वर्तमान मुखिया, ग्रा०पं०, राज बिझाड़ा-14 का जाति प्रमाण-पत्र में जाति शेख (अनुसूची-1) की प्रमाणित प्रति जिलाधिकारी, कटिहार को समर्पित किया था;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पदस्थापित मुखिया श्रीमती तबस्सुम को पदच्यूत करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

आऊटलेट का निर्माण

*151. श्री गिरिधारी यादव—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग,यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत चांदन प्रखण्ड में लघु जल संसाधन विभाग का झाझा बाँध का आऊटलेट जल दबाव से बह गया है जिससे सिंचाई बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार किसान हित में उपर्युक्त आऊटलेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य पूरा करना

*152. डॉ० अब्दुल गफूर—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्य मंत्री सेतु निर्माण योजना से सहरसा जिला के सत्तरकटेया प्रखण्ड में सिहौल चौक से मुरादपुर जाने वाली सड़क पर धेमरा नदी के ऊपर पुल निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2011-12 में प्राक्कलित राशि 30.175 लाख की स्वीकृति कर कार्यकारी एजेंसी, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, सहरसा के द्वारा सम्पादित किया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा काफी शिथिलता बरती जा रही है, जिससे समय पर पुल निर्माण कार्य नहीं होने से लोगों को आवागमन में काफी परेशानी होगी;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल निर्माण कार्य का जाँच करवाकर ससमय कार्य पूर्ण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पक्की सड़क बनाना

*153. श्री राम नरेश प्रसाद यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा 500 (पाँच सौ) से अधिक आबादी वाले गाँव या टोला को पक्की सड़क से जोड़ने का प्रावधान किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड अंतर्गत मनपौर पंचायत के उसरैना, मानिकपुर, मुशहरनियाँ पंचायत के अन्दौली हिन्दु, बराही पंचायत के सुन्दरपुर एवं नरंगा दक्षिणी पंचायत के हरदहिया एवं कुनैया की आबादी एक हजार से अधिक है एवं इन गाँवों को सड़क सम्पर्क से वंचित रखा गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में पक्की सड़क बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

गुणवत्ता की जाँच

*154. श्री अब्दुल गफूर—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्य मंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत सहरसा जिला के नवहट्टा प्रखंड में हेमपुर झिंगडा गाँव से कैदली पुनर्वास तक पी०सी०सी० पथ निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2011-12 में प्राक्कलित राशि 110.73 लाख की स्वीकृति कर कार्य एजेंसी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, सहरसा द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कार्य में संवेदक प्राक्कलन के अनुरूप कार्य नहीं कर कम मात्रा में मेटल का प्रयोग कर कार्य के गुणवत्ता घटिया स्तर का कर रहा है, साथ ही कार्य में काफी शिथिलता बरती जा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कार्य के गुणवत्ता की जाँच कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल बनाना

*155. श्री कृष्णनन्दन पासवान—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग,यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत तुरकौलिया प्रखंड के कवलपुर गाँव से शंकर सरैया-बनकट जाने वाली सड़क के बीचों-बीच पुल एवं तुरकौलिया नया टोला से चूति टोला जानेवाली पथ के बीचों-बीच सिंचाई नहर पर पुल नहीं रहने के कारण गाँवों के लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों जगह पर पुल कबतक बनवाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

नाला का निर्माण

*156. श्री प्रदीप कुमार— क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत काशीचक प्रखंड में सरकट्टी-सुभानपुर पथ में ग्राम-वोझमा तथा बौरी में पथ के दोनों तरफ नाला नहीं रहने से पथ के दोनों तरफ कीचड़ रहता है, जिससे आम नागरिकों का जीना दुभर हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार ग्राम-वोझमा एवं बौरी में पथ के दोनों तरफ नाला का निर्माण कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ की मरम्मती

*157. डॉ० (मो०) जावेद — क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के भौंटा थाना म०वि० से भाया आजादनगर होते हुये बैलवा पोठिया रोड प्रधान मंत्री सड़क बुधरा तक 12 कि०मी० रोड जर्जर स्थिति में है, जिसके कारण पोठिया प्रखंड मुख्यालय तक लोगों के आवागमन में अत्यंत कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

आवागमन बहाल करना

*158. श्री रतनेश सादा—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बैतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत प्रखंड सोनवर्षा के बरेट पंचायत के मेन रोड रजक टोला से जहीर के घर से पश्चिम कनौवां महादलित टोला से गढ़ बाजार होते हुये खौजरहा मध्य विद्यालय तक सड़क काफी जर्जर रहने के कारण आवागमन पर बुरा असर पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराकर आवागमन को बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

पटना:
दिनांक--02 जुलाई, 2014 (ई०) ।

हरे राम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा, पटना ।

---

बि०स०मु० (एल०ए०), 34 डी०टी०पी०-450